आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 03.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- विधानसभा में आज धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश–ज़बरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाने पर सज़ा का प्रावधान।
- केन्द्रीय श्रम और रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने देश में बेरोजगारी दर में कमी की बात कही।
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–रेलवे के आधुनिकीकरण और डिजिटल सिस्टम के लिए कई नए कदम उठाए जा रहे हैं।
- प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में आज सामूहिक सूर्य नमस्कार हुआ।

000

राज्य विधानसभा में आज स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक 2025 पेश किया। इसके अनुसार अगर कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करता है तो उसे साठ दिन पहले कलेक्टर को सूचना देना अनिवार्य होगा। इसमें ज़बरदस्ती या लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने पर सज़ा का प्रावधान किया गया है। बिल में लव जिहाद के खिलाफ भी सख्त प्रावधान किये गये हैं।

000

विधानसभा में आज प्रश्नकाल में ओलावृष्टि से फसल खराबे के मामले में आपदा राहत राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने शोर–शराबा किया। श्री देवासी ने विधायक सुरेश गुर्जर के मूल प्रशन के लिखित जवाब में बताया कि खानपुर क्षेत्र में वर्ष 2023 और 2024 में फसलों में 33 प्रतिशत या इससे अधिक का फसल खराबा नहीं हुआ है।

बाद में मीडिया से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अतिवृष्टि से प्रदेश में 50 फीसदी से ज्यादा फसलें खराब हुई हैं। सरकार इसे नुकसान को कम करके 33 फीसदी बता रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस बात का ब्यौरा देना चाहिए कि कितने किसानों को मुआवज़ा दिया जा रहा है।

.................

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और वो सिर्फ आरोप–प्रत्योरोप की राजनीति कर रहे हैं।

................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य विधानसभा को डिजिटल और हाईटेक करने के लिए बनाए गए नेवा सेवा केन्द्र का आज उद्घाटन किया।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि राज्य में बिजली घरों में विद्युत उत्पादन और दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले आठ महीनों में सबसे ज्यादा बिजली उत्पादन हुआ है। आज विधानसभा में प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों के जवाब में उन्होंने बताया कि बिजली घरों में इस दौरान कोयला खपत में कमी भी दर्ज की गई है।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने विधानसभा में बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अब आवेदक विवाह के एक साल तक योजना के तहत मिलने वाले लाभ के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए इस वर्ष 31 जनवरी को परिपत्र जारी कर दिया गया है।

000

सरकार ने आज लोकसभा में बताया कि पिछले वित्त वर्ष में बेरोजगारी दर पांच साल पहले के 6 प्रतिशत की तुलना में घटकर 3 दशमलव 2 प्रतिशत हो गई है। श्रम और रोजगार राज्य मंत्री, शोभा करंदलाजे ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण पीएलएफएस ने 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर में कमी का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रमों की शुरुआत की है।

अगले पांच वर्षों में चार करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार, कौशल और अवसर प्रदान करने के लिए, चालू वित्त वर्ष में पीएम पैकेज के तहत पांच योजनाओं की घोषणा की गई है।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे के आधुनिकीकरण और डिजिटल सिस्टम के लिए कई नए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने रेलवे में सुरक्षा और व्यापक विकास से जुड़ी कई बातें पत्रकारों के साथ साझा कीं। श्री वैष्णव आज वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से विभिन्न राज्यों को आवंटित बजट की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में नए रेलवे नए ट्रैक बिछाने और स्टेशनों को अधिक सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए व्यवस्थित तरीके से काम किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि सौ नई अमृत भारत और दो सौ नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएंगी और इसके लिए बजट में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर रेल क्षेत्र में ऊर्जा की खपत को स्थिर किया गया है।

...............

000

प्रदेशभर के सरकारी और निजी स्कूलों में आज सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में मुख्य समारोह हुआ। इसमें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। मीडिया से बातचीत में श्री दिलावर ने कहा कि योग के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए ये पहल की गई। उन्होंने कहा कि नियमित सूर्य नमस्कार करने से स्फूर्ति आती है और सभी को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नागौर, चित्तौडगढ, भरतपुर, करौली, श्रीगंगानगर, पाली सहित अन्य जिलों में प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाया।

000

देवनारायण जंयती कल मनाई जाएगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोक देवता देवनारायण जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बागडे ने कहा कि भगवान देवनारायण गौ रक्षक और बेसहारा लोगों के कष्ट दूर करने वाले हैं। हमें उनके संदेशों पर चलना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस अवसर पर अपने संदेश में प्रदेशवासियों से भगवान देवनारायण के आदर्शों को आत्मसात करने और समाजिक समरसता को मजबूत बनाने का आह्वान किया है। देवनारायण जयंती के उपलक्ष में आज जयपुर के बिड़ला सभागार में समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान देवनारायण के अनुयायियों की सामाजिक समरसता में महत्वपूर्ण भूमिका है।

................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

000

और अब समाचार महाकुंभ से –

................

प्रयागराज के महाकुंभ में आज तीसरा अमृत स्नान हुआ। इसमें श्रद्धालुओं की भारी आवक रही। सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। बसंत पंचमी के उपलक्ष में हुए अमृत स्नान के लिए सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र को नो व्हिकल और नो वीआईपी ज़ोन घोषित किया गया।

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के रूप में पहचान रखने वाले महाकुंभ में पहला अमृत स्नान 14 जनवरी को और दूसरा 29 जनवरी को मौनी आमवस्या के दिन हुआ था। अब तक 36 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में पवित्र स्नान कर चुके हैं।

................

000

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल आज सम्पन्न हो गया। तीस जनवरी से शुरू हुए इस पांच दिवसीय आयोजन में देश–विदेश के लेखकों, साहित्यकारों और कलाकारों सहित कई दिग्गज हस्तियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। साहित्य के इस महाकुंभ में ढाई सौ सेशन्स में छह सौ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किये। सौ से अधिक देशों के मेहमान आयोजन में शामिल हुए। जेएलएफ का ये 18वां संस्करण है। जेएलएफ के आखिरी दिन आज दर्शकों ने विभिन्न सत्रों में साहित्य, संस्कृति और जीवन से जुड़ी प्रेरक चर्चाओं का आनंद लिया।

000

पाली जिले का जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र वन्यजीवों की सुरक्षा की दृष्टि से अनुकूल है। इसके साथ ही इस रिजर्व से पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिले के वन संरक्षक पी. बालामुरुगन ने बताया कि वन मंडल के कैमरों से भी क्षेत्र की लगातार निगरानी रखी जा रही है।

................